# सरकार विफल -निरंकुश सिरोही में बोले कटारिया



**प्रातःकाल संवाददाता**

**सिरोही।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राज्य के पूर्व गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया ने भाजपा कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि यह सब कांग्रेस की नीतियों का परिणाम है कि देश में आज ६५ वर्षो के बाद भी गरीब तो गरीब हो रहा है और अमीर और ज्यादा धनवान हो रहा है। उन्होने इस सबके लिए कांग्रेस पार्टी की नीतियों व उनकी सरकारों की जिम्मेदार ठहराया। कटारिया सिरोही में सोमवार को भाजपा के जिला स्तरीय होली मिलन समारोह में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश मंत्री प्रमोद सांभर ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई फर्क नही है हमारी पार्टी विचार धारा के साथ काम करती है।

विधायक ओटाराम देवासी ,रेवदर विधायक जगसीराम कोली,पूर्व विधायक समाराम गरासिया और टिकमचंदकांत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर जिलामहामंत्री लुम्बाराम चौधरी, दुर्गाराम गरासिया,भीमाराम चौधरी, अशोक पुरोहित, मुकेंश कोठारी, दमयंति डाबी, मुश्ताक नागौरी, लोकेश खंडेजवाल, गंगा सिंह राठौड, सुरजपाल सिंह, दिनेश बिंदल, नगाराम देवासी, ताराराम माली, श्रमिष्ठा शर्मा, अर्चना दवे, दिनेश खंडेलवाल, बाबूलाल सगरवंशी, भगवानदास कुमावत, अर्जुन पुरोहित, दक्षा गहलोत, हेमलता पुरोहित, अरूण ओझा, शंकरसिंह परिहार, मगनलाल मीणा, किशोर आर्य सहित सैकडों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिला आयोग की अध्यक्ष 16 को नाथद्वारा आएगी



**राजसमंद।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती ममता शर्मा १६ मार्च को फ्तहनगर से प्रस्थान कर सांय ६.३० बजे नाथद्वारा आएगी। श्रीमती शर्मा नाथद्वारा में बैठक लेकर जिले में महिला संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करने के बाद श्री नाथजी के दर्शन करेगी। श्रीमती शर्मा नाथद्वारा में रात्रि विश्राम के बाद १७ मार्च को प्रात: ९.३० बजे उदयपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

# राजस्थान के लिए वरदान है आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ चल चिकित्सालय: गहलोत



**जयपुर।** आचार्य महाश्रमण अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सोहनलाल मेघराज, अजीत कुमार धाकड़ शिशोदा द्वारा प्रदत विभिन्न सुविधाओं से युक्त एटीएम मोबाइल हॉस्पिटल (आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ चल चिकित्सालय) का अवलोकन राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुनि जयकुमार के सान्निध्य में करते हुए कहा कि मोबाइल वैन अपने आप में समूचित अस्पताल है। यह देश एवं खासतौर से राजस्थान के लिए एक नायाब तोहफा है। उन्होंने कहा कि इस चल चल चिकित्सालय के संचालन में सरकार की ओर से समूचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। यह चल चिकित्सालय मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीण राजस्थान के लिए वरदान साबित होगा।

तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलिल लोढ़ा ने परिकल्पना से निर्माण तक की यात्रा की जानकारी दी। सुराणा अस्पताल के डा.प्रिंस सुराणा ने वैन में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। मुनि जय कुमार ने तेरापंथ धर्मसंघ के विभिन्न अवदानों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान आचार्य महाश्रमणजी अहिंसा यात्रा के माध्यम से राजस्थान में व्यसन मुक्ति का जागरण कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि सोहनलाल परिवार द्वारा निर्मित यह चल चल चिकित्सालय एक सराहनीय प्रयास है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित संतों को सरकार की ओर से संचालित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं के साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण बीपीएल आवास योजना की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को आचार्य महाश्रमण का साहित्य भेंट किया गया। मुंबई से आए विजयराज चोरडिया ने मुख्यमंत्री से संतों का परिचय कराया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के पुत्र वैभव गेहलोत, मुनि रणजीत कुमार, मुनि रोहित कुमार, मुनि मुदित कुमार, मुनि भैरू कुमार के अलावा राकेश बरडिया,गौरव मांडोत, मनीष बोरड, विनोद गोरी, राजकुमार बरडिया,डा. सुधीर भंडारी आदि व्यक्ति उपस्थित थे।

## बांद्रा-उदयपुर ट्रेन दौड़ना आगे बढ़ा

**मुंबई।** पिछले रेल बजट में घोषित सप्ताह में तीन दिन चलने वाली बांद्रा, उदयपुर एक्सप्रेस (22902-22901) ट्रेन का दौड़ना अब आगे बढ़ गया है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रेन 31 मार्च से पूर्व चलेगी, लेकिन तकनीकी



कारणों से 13 अप्रैल से नहीं चल पाएगी। शीघ्र ही उक्त ट्रेन के आरक्षण के साथ चलने के शेड्युल की घोषणा की जाएगी। प्रशासन उक्त ट्रेन को चलाने की तैयारी को अंतिम रुप देने में जुटा है। उल्लेखनीय है कि चित्तौड़गढ़ सांसद गिरिजा व्यास ने हाल में घोषणा की थी कि बांद्रा, उदयपुर एक्सप्रेस 13 मार्च से आरंभ होगी एवं 13 मार्च को सांसद प्रिया दत्त इसे हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगी।

## ब्रोडगेज के लिए चलाया पोस्टकार्ड अभियान

**राजसमंद।** राजस्थान शिक्षक संघ जिला शाखा राजसमन्द के जिलाध्यक्ष गिरिजाशंकर पालीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष यशोदा दशोरा व उपशाखा अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चारण के नेतृत्व में मावली जंक्शन से मारवाड़ जंक्शन तक रेल्वे लाइन को ब्रॉडगेज में परिवर्तित करने के लिए कांकरोली की मुख्य चौपाटी पर रेल मंत्री भारत सरकार को पोस्टकार्ड लिखने का अभियान चलाया। इस अभियान में सैकड़ों शिक्षकों, प्रबुद्ध नगर के नागरिकों एवं राजनेताओं ने पोस्टकार्ड लिख इस क्षेत्र की वर्षों पुरानी लंबित मांग को इसी बजट सत्र में पूरा करने का आग्रह किया। जिला प्रमुख प्रभुगिरी गोस्वामी ने बताया कि यह ब्रॉडगेज लाईन पूरी होने पर प्रमुख व्यवसाय मार्बल से राजस्व की बढ़ोत्तरी होगी वहीं सम्पूर्ण क्षेत्र भारत के प्रमुख रेलमार्गों से जुड़ जाएगा। दूसरी ओर धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से पर्यटकों का आवागमन में बढ़ोत्तरी होकर युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस अभियान को अशोक पालीवाल, लक्ष्मीनारायण, भगवत शर्मा, घनश्याम जोशी, मांगीलाल सुथार, गोपाल प्रसाद, रामेश्वर टेलर, नूर मोह?मद, मनोहर गिरी गोस्वामी, मुकेश सांचीहर ने भी पोस्टकार्ड अभियान में अपनी अहम भूमिका निभाई।

## माहिर आजाद 19 को राजसमन्द आएगें

**राजसमन्द।** राज्य अल्प संयक आयोग के अध्यक्ष माहिर आजाद १९ मार्च को राजसमन्द आएगें। श्री आजाद राजसमन्द में दोपहर ३ बजे अल्पसंयको के १५ सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक लेगें।

## तेरापंथ महिला मण्डल सगोंष्ठी सपन्न

**राजसमंद।** मुनि जतन कुमार 'लाडनूं' के सानिध्य में तेरापंथ महिला मंडल केलवा के तत्वावधान में स्वस्थ परिवार स्वस्थ समाज तथा कन्या सुरक्षा अभियान पर सगोंष्ठी स्थानीय तेरापंथ सभा भवन में सपन्न हुई। कार्यक्रम का सुभारभ तेरापंथ महिला ने जागो बहन गीत से किया। मुनि आनंद 'कालू' ने तेरापंथ महिला मंडल को मंगल पाथेय प्रदान किया। इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल मंत्री रत्ना कोठारी, रेखा सिंघवी, रेखा कोठारी एवं कुसुम सांखला ने विचार व्यक्त किए आभार ज्ञापित तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष फुल्ली देवी बोहरा ने किया ओर संचालन मीना चपलोत ने किया।

## घांची समाज विकास मंच का होली सम्मेलन संपन्न



घांची समाज के स्नेह सम्मेलन में मंच पर अतिथियों का सम्मान करते समाज बंधु नीचे समाज की महिलाएं व पुरूष

**मुंबई।** भायंदर में सुथारो की वाड़ी में घांची समाज विकास मंच का होली स्नेह सम्मेलन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोपाजी मदनसिंह, विशेष अतिथि हनुमान भाटी, पाली पार्षद जीवाराम, नारायण सोलंकी, शंकर बोराणा आदि उपस्थित हुए। समारोह में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया । मंच के अध्यक्ष कांतिलाल राठौड ने कार्यक्रम की सफलता पर समाज बंधुओं को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया । मैदान में समाज बंधुओं ने सपरिवार भाग लिया । इतनी विशाल भीड़ के सामने मैदान भी छोटा पड़ गया । कार्यक्रम में ललित परमार एंड पार्टी ने भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

## सर्व समाज कन्यादान महोत्सव की बैठक सपन्न

**राजसमंद।** सर्व समाज कन्यादान महोत्सव समिति द्वारा आगामी २४ अप्रेल आखातीज पर आयोजित सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को समिति अध्यक्ष व विधायक किरण माहेश्वरी की अध्यक्षता में बैठक सपन्न हुई। बैठक में विभिन्न समाजों, संस्था, संगठनों के प्रतिनिधियों व समाज सेवियों ने भाग लिया।

प्रवक्त किशोर गुर्जर ने बताया कि सोमवार को पंचायत समिति सभागार में स?पन्न हुई बैठक में विधायक किरण माहेश्वरी ने कहा कि राजस्थान में यह एक अनूठी पहल है, जिसे सार्थक बनाने हेतु स?ाी का सामूहिक प्रयास अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से सामाजिक समरसता का संचार होगा, जिसमें सभी जाति समाज के लोग एक मंच पर एकत्रित होंगे जिससे आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनेगा। इस आयोजन में देश व प्रांत के किसी भी कोने से आकर अपनी भागीदारी निभा पाएंगे, विधायक ने कहा कि समिति द्वारा आगे हर साल आखातीज पर सर्वसमाज सामूहिक विवाह का आयोजन करवाया जाएगा, यह एक सतत् चलने वाला प्रयास है। तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष मधु चोरड़िया ने कहा कि मंडल में वांसोल गांव गोद ले रखा है बैठक में गिरिजाशंकर पालीवाल ने विवाह समारोह में पाणिग्रहण संस्कार वैदिक संस्कार के लिए गायत्री शक्ति पीठ परिवार की ओर से सेवाएं देने की बात कही। बैठक में सामूहिक विवाह का आयोजन सात दिन का होगा, जिसमें माताजी पूजन, मांगलिक गीत, मेहन्दी रस्म जैसे आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया। सामूहिक विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन दस मार्च तक किया जाएगा जिसके लिए मात्र एक रुपया शुल्क रखा गया है। बैठक में आयोजन हेतु होने वाले खर्चे पर चर्चा हुई जिस पर विधायक माहेश्वरी ने कहा कि सरकरी अनुदान के छह हजार रुपयों में चार हजार रुपये समिति द्वारा और मिलाकर एक जोड़े का खर्च होगा।

# युवक ने की छेड़खानी, महिला ने मूसल मारकर ले ली जान

### कथित रूप से छेड़छाडी का आरोप

**राजसमंद।** जिले के भीम थाना क्षेत्र के बिगडावतो का बाडिया गांव में सोमवार दिन में कथित रूप से छेड़छाड़ करने पर एक महिला ने युवक को बंदी बना उस पर लोहे के मूसल व धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद महिला अपनी मासूम बेटी के साथ फरार हो गई जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

पुलिस निरीक्षक नरपत सिंह ने बताया कि सोमवार दिन में बिगडावतों का बाडिया गांव में युवक मनभावन (१९) पुत्र देवीसिंह रावत को भैरूसिंह के मकान में बंदी बना उस पर मूसल व धारदार हथियार से वार किए जाने की सूचना पर पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा और वहां रक्तरंजित पड़े मनभावन के शव को कब्जे में लिया। इस सम्बन्ध में मृतक मनभावन के भाई खुशकामना सिंह रावत ने पुलिस को बताया कि मनभावन सिंह सोमवार सुबह दस बजे घर से किशनगढ़ (अजमेर) मजदूरी पर जाने के लिए निकला था।

दोपहर करीब एक बजे वह अपने निजी काम से बिगडावतो का बाडिया से गोली मगरा जा रहा था। इसी दौरान भैरूसिंह के मकान के बाहर से गुजरने पर उसे मनभावन सिंह के चीखने की आवाज आई जिस पर उसने भैरूसिंह के मकान में झांक कर देखा तो अंदर भैरूसिंह की बेटी कुसुम (२१) मनभावन के सिर पर लोहे के मूसल व धारदार हथियार से वार कर रही थी। उस वक्त उसने भी कुसुम से अपने भाई को छोड़ने का अनुरोध किया लेकिन उसका रोद्र रूप देखते हुए वह डर गया और अपने ताऊ हीरासिंह एवं गांव के अन्य लोगों को इस सम्बन्ध में जानकारी दी। हीरासिंह की सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा। इस बीच कुसुम अपनी मासूम बच्ची के साथ वहां से फरार हो गई जिस पर पुलिस ने मकान के पोल का दरवाजा तोड़ कर रक्तरंजित हालात में पड़ी मनभावन का शव बरामद किया। मनभावन के सिर पर लोहे के मूसल एवं धारदार हथियार के कई वार थे। वहीं खून भी काफी मात्रा में बह चुका था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्य कार्रवाई के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आशंका जताई है कि मनभावन सिंह ने कुसुम के साथ छेड़छाड़ी की जिस पर वह खफा हो गई और उसने मनभावन को सबक सिखाने को लेकर उस पर मूसल व धारदार हथियार से वार किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर तफ्तीश आरंभ कर दी है।

Crime बीट

## दुगने करने का झांसा देकर मूल भी डकारे

**राजसमंद।** बीमा पॉलीसी पर लक्की ड्रा के नाम से रुपए दुगना करने का झांसा देकर रुपए हड़पने वाली एक कम्पनी के प्रतिनिधि के खिलाफ देवगढ़ थाने में मामला दर्ज हुआ है।

पुलिस के अनुार कोटडा निवासी मोहन लाल पुत्र बाली रावल ने रिपोर्ट दी कि गत महिनो में रिलायंस लाईफ इंश्योरेंस नई दिल्ली से सम्बन्धित प्रतिनिधि अमित धामा उससे मिला और रिलायंस लाईफ इंश्योरेंस पॉलीसी पर लक्की ड्रा खोलकर रुपए दुगना करने का झांसा देते हुए उससे रुपए लिए। मोहन लाल ने बताया कि इसके बाद न तो लक्की ड्रा खुला और न हीं उसके रुपए दुगने हुए।

# सिरोही नगरपालिका अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई

### मामला भ्रष्टाचार का



**सिरोही।** नगर पालिका सिरोही के अधिशाषी अधिकारी ललितसिंह देथा के सिरोही स्थित ऑफिस, रहवास एवं मूल रहवास जोधपुर जिले के बोरुंदा गांव में एक साथ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोलियों ने तलाशी ली।

तलाशी के दौरान प्लॉट, घरेलु सामान एवं बीमा पालिसियां अघोषित पाई गई। बैंक लॉकर व एकाउंट की तलाशी मंगलवार को होगी। उल्लेखनीय है कि अधिशाषी अधिकारी देथा के खिलाफ शिकायत थीं कि मात्र ढाई वर्ष की अवधि में पद का दुरुपयोग करते आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। ब्यूरो टीम ने जोधपुर स्थित सैशन न्यायालय भ्रष्टाचार निरोधक मामलात से सर्च वारंट लेकर सोमवार देर शाम तक उक्त कार्रवाई की। ज्ञात रहे कि ललित सिंह दैथा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सिरोही वर्ष 2009 में अधिशाषी अधिकारी के पद पर चयनित हुए थे।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर के उप महानिरीक्षक संजीव कुमार नार्जारी ने बताया कि ब्यूरो कार्यालय में नौ मार्च को शिकायत के आधार पर नगरपालिका सिरोही के अधिशाषी अधिकारी ललितसिंह देथा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में सर्च वारंट लेकर सोमवार को एक साथ कार्रवाई की गई। सिरोही स्थित नगरपालिका ईओ कार्यालय में पहुंची एसीबी टोली को पट्टे देने से संबंधित, खांचा भूमि अलॉट करने के संबंध में तथा निर्माण स्वीकृति के संबंध में एवं नियमन करने के संबंध में कुल 13 अनिर्णित फाईले मिली। ब्यूरो टीम ने सभी फाइलों को सीज किया है और सिरोही उनके निवास पर तलाशी ली। तलाशी के दौरान करीब एक लाख रुपए का घरेलु सामान पाया गया। इधर जोधपुर जिले के बिलाड़ा तहसील के बोरुंदा गांव में उनके पैतृक निवास पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान देथा की पत्नी राजल के नाम झालामंड जोधपुर में रजत एनक्लेव योजना में १ प्लॉट वर्ष २०१० में खरीदा जिपसकी बाजार कीमत १० लाख रुपए है। दैथा के पैतृक गांव बोरुंदा में ३२ बीघा पैतृक कृषि भूमि पाई गई जिस पर 2 ट्यूबवेल व पूर्ण कृषि भूमि की चारदीवारी उनके द्वारा अधिशाषी अधिकारी पद पर रहते हुए विकसित की गई। दैथा की पत्नि के नाम जोधपुर सैन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक जोधपुर में लॉकर होने की जानकारी मिली है जिसकी तलाशी दिनांक १३ मार्च को ली जाएगी। दैथा की कुछ एलआईसी पॉलिसिया भी मिली है जिनका मासिक प्रीमियम लगभग ५-६ हजार रुपए प्रतिमाह है। शेष कार्यवाही जारी है।

# गणगौर महोत्सव पर होगी धूम

### निकलेगी सवारी, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम



**राजसमंद।** राजसमन्द नगरपालिका के तत्वावधान में नववर्ष एवं गणगौर महोत्सव का आगाज शनिवार २४ मार्च को होगा। कांकरोली बालकृष्ण स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस महोत्सव के तहत एक ओर जहां चूनडी, हरी एवं गुलाबी गणगौर पर तीनों दिन प्रभु द्वारकाधीश मंदिर से गाजे-बाजे के साथ सवारी निकलेगी वहीं दूसरी ओर रात्रि के समय मेला मंच पर लोकानुंरजन के लिए विविध सांस्कृतिक आयोजन होंगे।

नगरपालिका अध्यक्ष आशा पालीवाल ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार २४ मार्च को मेला ग्राउण्ड पर भव्य एवं रंगीन आतिशबाजी होगी। इस दिन जिला स्तरीय गैर नृत्य तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। रविवार २५ मार्च को चुन्दड़ी गणगौर की सवारी निकलेगी जो प्रभु श्री द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होती हुई मेला ग्राउण्ड पहुंचेगी। शोभायात्रा में हाथी, घोडे, ऊंट, बैण्ड, आकर्षक झांकियां, कच्छी घोडी नृत्य, पंजाबी बैण्ड, मंदसोरी ढोल पाटियों द्वारा प्रदर्शन होगा। मेला ग्राउण्ड में आकर्षक लाइट डेकोरेशन, डोलर-झूलों के साथ राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। श्रीमती पालीवाल ने बताया कि २६ मार्च सोमवार को को हरी गणगौर की सवारी निकाली जाएगी तथा इस दिन रात्रि को फिल्मी कलाकार अल्ताफ राजा, मुनदास आदि कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव के अंतिम दिन २७ मार्च मंगलवार को गुलाबी गणगौर की सवारी निकलेगी वहीं रात में अखिल भारतीय कविस मेलन का आयोजन किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष श्रीमती पालीवाल ने बताया कि महोत्सव के तीनों दिन शाम चार बजे प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर प्रांगण से बेण्ड बाजों एवं हाथी, घोड़ों के साथ धूमधाम से गणगौर की सवारी प्रार?भ होगी जो पर परागत मार्गो से होते हुए मेला स्थल बालकृष्ण स्टेडियम पहुंचेगी जहां विधिवत पूजन के बाद सवारी का विसर्जन होगा।



## किरण माहेश्वरी आज मिलेगी आमजन से

**राजसमंद।** भाजपा राष्ट्रीय महासचिव व विधायक किरण माहेश्वरी आज आमजन के अभाव अभियोग सुनेंगी।

प्रवक्त किशोर गुर्जर ने बताया कि विधायक माहेश्वरी मंगलवार प्रात: ग्यारह बजे से दोहपर एक बजे तक अपने विधायक कार्यालय पर जनसुनवाई करेंगी, तत्पश्चात दोपहर तीन बजे राजसमन्द नगरपालिका बोर्ड की बैठक में भी भाग लेंगी। अभाव अभियोग सुने : कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवकीनंदन गुर्जर ने रविवार को नाथद्वारा उपखण्ड के गांव बामनहेडा में ग्रामीणों के अभाव-अभियोग सुने। श्री गुर्जर यहां रमेश जालमचंद की पुत्री रीना के आकस्मिक निधन पर शोक संतप्त परिवार से मिले और उन्होंने सांत्वना दी। इस अवसर पर फतहलाल, मांगीलाल जोशी, पूर्व उप सरपंच दौलतराम, भगवतीलाल जोशी आदि साथ थे।

## आबंटन शुदा भूमि का कब्जा दिलाने की मांग

**प्रातःकाल संवाददाता**

**सिरोही।** कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति जो वर्षों से कृषि भूमि से वंचित रहे उनके लिए सरकार उपखंड अधिकारी के आदेश में जटिया समाज के दस सदस्यों की सूचि व सदस्यों को आज तक भूमि नहीं मिली है, जबकि भूमि पर बड़े पूंजीपतियों के कब्जे में होने से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। इस संबंध में कांग्रेस प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष मिश्रीलाल चौहान ने मुख्यमंत्री से मिलकर तमाम वस्तुस्थिति से अवगत कराया, जिस पर जिला कलेक्टर को लिखित आदेश देकर उचित प्रकरण की जांच करवा लोगों को राहत दिलाने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर से शीघ्र ही इस मामले की जांच कर शीघ्र की लोगों को राहत दिलाने की मांग की है।

## दर्ज प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश

**राजसमंद।** अतिरिक्त जिला कलक्टर अशोक कुमार ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे जन सुनवाई के दौरान प्रस्तुत शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण करके पीडित पक्ष को राहत प्रदान करें।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आज साप्ताहिक जन सुनवाई के दौरान कर्मचारियों के बकाया वेतन व पेंशन प्रकरणों को शीघ्र निपटा कर संबंधित को भुगतान करने के निर्देश दिये। जन सुनवाई में पट्टा दिलवाने, नमाना ग्राम के पास काजवें निर्माण आदि प्रकरण भी सूने।

पनवेल में सौभाग्य मुनि म.सा. से आशीर्वाद प्राप्त करते मेवाड़ संघ अध्यक्ष प्रकाश सांखला, मंत्री किशन बोहरा, चौथमल सांखला,अनिल पालरेचा, नरेश लोढ़ा, आर.एल. जैन, गिरधारी लाल कोठारी, मांगीलाल जमकू, रणजीत कागरेचा, नेमीचंद धाकड़ आदि।



Ro. 13152

• स्वत्वाधिकारी प्रातःकाल मल्टीमीडिया की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक सुरेश गोयल द्वारा, 543 लक्ष्मी प्लाजा, सब टीवी लेन, लक्ष्मी इंडस्ट्रीयल इस्टेट, न्यू लिंक रोड, अंधेरी (वेस्ट), मुंबई-400 053 से प्रकाशित एवं इंकलाब ऑफसेट प्रिंटर्स लि. ताड़देव, मुंबई-34 से मुद्रित। संपादक-**सुरेश गोयल**, फोन : **26319926, 9322252774** • फैक्स : **26319928** आर.एन.आई. नं. **MAHHIN/2001/4638.** • **उदयपुर कार्यालयः** 105, सूरजपोल, उदयपुर - 313001 • **फोन** - 2417417, 2417418 • **फैक्स** - (0294) 2418700 • **जयपुर कार्यालय** : जे-3,झालाना संस्थागत क्षेत्र झालाना डूंगरी, जयपुर - 302 004 . **फोन**- 3299627, 2712207,2712208 फैक्स - 2712209 . **Email - pratahkal@gmail.com**